FDA व्यापक अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के लिए यह अनुवाद एक सेवा के रूप में प्रदान करता है। हमें आशा है कि आप इस अनुवाद को उपयोगी पायेंगे। हालांकि एजेंसी ने ऐसा अनुवाद पाने का प्रयास किया है जो यथासम्भव अंग्रेज़ी संस्करण जितना ही प्रामाणिक हो, फिर भी हम स्वीकार करते हैंकि अनुवादित संस्करण उतना सटीक, स्पष्ट, या पूर्ण न भी हो जितना कि अंग्रेज़ी संस्करण है। इस दस्तावेज का अधिकारिक संस्करण अंग्रेज़ी संस्करण है।

## मुख्य अपेक्षाएँ: विदेशी आपूर्तिकर्ता सत्यापन कार्यक्रमों पर अन्त्य नियम एक नज़र में

मानव और पशु खाद्य-पदार्थों  के आयातकों के लिए विदेशी आपूर्तिकर्ता सत्यापन कार्यक्रमों (FSVP) पर FDA आहार सुरक्षा आधुनिकीकरण अधिनियम (FSMA)  नियम को अब अंतिम रूप दे दिया गया है और कुछ कारोबारों के लिए अनुपालन तिथियाँ 18 महीनों में शुरू होती हैं।

अंतिम नियम अपेक्षा करता है कि आयातक यह सत्यापित करने के लिए कुछ जोखिम-आधारित कार्रवाईयों का प्रदर्शन करें कि अमरीका में आयातित खाद्य-पदार्थ इस ढंग से उत्पादित किया गया है जो अमरीका के लागू सुरक्षा मानकों को पूरा करता है। यह नियम उद्योग, उपभोक्ता समूह, एजेंसी के संघीय, राज्य, स्थानीय, आदिवासी और अंतर्राष्ट्रीय नियामक प्रतिरूपों, शैक्षणिक समुदाय तथा अन्य अंशधारकों तक FDA द्वारा पहुँच के एक महत्वपूर्ण स्तर का परिणाम है।

विवेचना अवधि के दौरान तथा बहुत से एंगेजमेंट्स के दौरान, जिनमें सार्वजनिक बैठकें, वेबिनार, और सुनवाई सत्र शामिल हैं, प्राप्त आगतों के बाद, FDA ने सितंबर 2014 में प्रस्तावित नियम-निर्माण का अनुपूरक नोटिस जारी किया था। प्रस्तावित संशोधनों में, खाद्य-पदार्थों में अत्याधिक गंभीर जोखिमों द्वारा सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए खड़े किए गए और अधिक बड़े जोखिम को अभिस्वीकृत करते हुए, खाद्य-पदार्थ और आपूर्तिकर्ता के जोखिमों के आधार पर उचित सत्यापन उपायों का निर्धारण करने में आयातकों को लचीलापन प्रदान कराना शामिल था।

अन्त्य नियम में, आधुनिक आपूर्ति और वितरण श्रृखलाओं को बेहतर ढंग से प्रतिबिंबित करने हेतु कुछ अपेक्षाओं को पूरा करने में बहुत अधिक लचीलापन जोड़ने के साथ, मूल और अनुपूरक दोनों प्रस्तावों के तत्व हैं। उदाहरण के लिए, जब तक आयातक अनुरूपी प्रलेखनों की समीक्षा और मूल्यांकन करते हैं, तब

तक आयातक कुछ निश्चित परिस्थितियों में अन्य सत्त्वों द्वारा किए गए विश्लेषणों, मूल्यांकनों और कार्रवाईयों पर भरोसा करके मुख्य FSVP दायित्वों को पूरा कर सकते हैं।

FDA यह सुनिश्चित करने के लिए उत्तरदायी है कि आयातक FSVP अपेक्षाओं को पूरा करते हैं, और मार्गदर्शन, पहुँच और प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराएगा।

नीचे मुख्य अपेक्षाएँ और अनुपालन तिथियाँ दी गई हैं।

**1. विस्तार**

- **इस नियम द्वारा कौन आवृत है?**
  - FSVP के प्रयोजनों के लिए, अमरीका में आयात के लिए खाद्य-पदार्थों को प्रस्तावित करने वाला अमरीकी मालिक या परेषिती एक आयातक है। यदि कोई अमरीकी मालिक या परेषिती नहीं है, तो प्रवेश के समय, अमरीकी एजेंसी या परेषिती के विदेशी मालिक का प्रतिनिधि, जैसा कि सहमति के हस्ताक्षरित वक्तव्य में पुष्टि की गई हो, आयातक है।
  - दी गई छूटों के बारे में नीचे चर्चा की गई है।

- **FSVP क्या है?** यह एक कार्यक्रम है, जो नियम द्वारा आवृत आयातकों के पास यह सत्यापित करने के लिए, कि उनके विदेशी आपूर्तिकर्ता खाद्य-पदार्थ को इस ढंग से तैयार कर रहे हैं जो सार्वजनिक स्वास्थ्य सुरक्षा का वही स्तर प्रदान करता है जैसा कि निरोधात्मक नियंत्रण प्रदान करते हैं या सुरक्षा विनियमों को पैदा करता है, जो उपयुक्त हों, तथा यह सुनिश्चित करने के लिए कि आपूर्तिकर्ता का खाद्य-पदार्थ मिलावटी नहीं है और एलर्जी पैदा करने वाले तत्वों की लेबलिंग के संदर्भ में गलत-ब्रांड नहीं किया जाता है, यथास्थान अवश्य होना चाहिए ।

- आयातक, उन कार्रवाईयों के लिए उत्तरदायी हैं, जिनमें शामिल हैं (और जिनके बारे में आगे नीचे बताया गया है):

  - प्रत्येक खाद्य-पदार्थ के साथ ज्ञात या समुचित रूप से पूर्वाभासी जोखिमों का निर्धारण करना
  - जोखिम विश्लेषण, और विदेशी आपूर्तिकर्ता के प्रदर्शन के आधार पर खाद्य-पदार्थ से उत्पन्न जोखिम का मूल्यांकन करना

- आपूर्तिकर्ता को अनुमोदित करने और यथोचित आपूर्तिकर्ता सत्यापन कार्यकलापों के निर्धारण के लिए किसी आयातित खाद्य-पदार्थ द्वारा उत्पन्न उस जोखिम के मूल्यांकन और आपूर्तिकर्ता के प्रदर्शन का उपयोग करना
- आपूर्तिकर्ता के सत्यापन कार्यकलाप करना
- सुधारात्मक कार्रवाईयाँ करना

- आयातकों को यह सुनिश्चित करने के लिए लिखित कार्यपद्धतियाँ अवश्य स्थापित करनी तथा उनका अनुपालन अवश्य करना चाहिए कि वे केवल आयातित खाद्य-पदार्थ द्वारा उत्पन्न जोखिम के मूल्यांकन और आपूर्तिकर्ता के प्रदर्शन के आधार पर ही अनुमोदित विदेशी आपूर्तिकर्ताओं से, या जब किसी अस्थायी आधार पर आवश्यक हो, तो उन अनुमोदित नहीं किए गए आपूर्तिकर्ताओं से जिनके खाद्य-पदार्थ आयात किए जाने से पूर्व पर्याप्त सत्यापन कार्यकलापों के अध्यधीन हैं, खाद्य-पदार्थ आयात कर सकते हैं

- आयातकों को अमरीका में लाए गए प्रत्येक खाद्य-पदार्थ और उस खाद्य-पदार्थ के विदेशी आपूर्तिकर्ता के लिए FSVP तैयार करने, बनाए रखने व अनुसरण करने की आवश्यकता है। यदि आयातक कुछ विभिन्न आपूर्तिकर्ताओं से कोई निश्चित खाद्य-पदार्थ प्राप्त करता है, तो उन सभी आपूर्तिकर्ताओं में से प्रत्येक के लिए अलग FSVP की आवश्यकता पड़ेगी।

- कुछ आयातक, जो निर्माता/प्रोसेसर भी हैं, अधिकतर FSVP आवश्यकताओं के अनुपालन में समझे जाते हैं, यदि

    - वे निवारक नियंत्रण नियमों के अंतर्गत आपूर्ति-श्रृंखला कार्यक्रम अपेक्षाओं का अनुपालन करते हैं;
    - वे निवारक नियंत्रण नियमों की अपेक्षाओं के अनुसार खाद्य-पदार्थ में जोखिमों के लिए निवारक नियंत्रणों को कार्यान्वित करते हैं; या
    - उन्हें कुछ निर्दिष्ट परिस्थितियों में उन नियमों के अंतर्गत निवारक नियंत्रणों को कार्यान्वित करने की आवश्यकता नहीं है। ऐसी परिस्थितियों के उदाहरणों में शामिल हैं, जब खाद्य-पदार्थ के प्रकार (उदाहरण के लिए, जैसे कि कॉफ़ी के बीज) को निवारक नियंत्रण कार्यान्वित किए बिना उपभोग नहीं किया जा सकता है, या जब ग्राहक अभिज्ञात जोखिमों को महत्वपूर्ण

ढंग से न्यूनतम कर रहा या रोक रहा होगा और वे प्रकटीकरण व लिखित आश्वासनों के लिए अपेक्षाओं का अनुपालन करते हैं।

- आयातित खाद्य-पदार्थ और आपूर्तिकर्ता के प्रदर्शन के कारण उत्पन्न हुए जोखिम के मूल्यांकन का कम से कम हर तीन वर्षों में, या जब संभावित जोखिम या विदेशी आपूर्तिकर्ता के प्रदर्शन के बारे में नई जानकारी प्रकाश में आती है तब, पुनः मूल्यांकन अवश्य किया जाना चाहिए।

- यदि आयातकों को पर्याप्त आश्वासन मिलते हैं कि वितरण श्रृंखला में कोई बाद का सत्त्व, जैसेकि आयातक का ग्राहक, लागू अपेक्षाओं के अनुसार खाद्य सुरक्षा के लिए खाद्य-पदार्थ को प्रसंस्कृत कर रहा है, तो उन्हें खाद्य-पदार्थ और आपूर्तिकर्ता का मूल्यांकन करने या आपूर्तिकर्ता के सत्यापन संबंधी कार्यकलाप करने की आवश्यकता नहीं है। आयातकों को खाद्य-पदार्थ के साथ संलग्न प्रलेखों में भी अवश्य प्रकट करना चाहिए कि खाद्य-पदार्थ को अभिज्ञात जोखिम को नियंत्रित करने के लिए प्रसंस्कृत नहीं किया जाता है।

## 2. जोखिम विश्लेषण

- **'जोखिम' से हमारा क्या तात्पर्य है?** इस बात का निर्धारण करने के लिए कि क्या कोई जोखिम हैं जिन्हें नियंत्रित किए जाने की आवश्यकता है एक आयातक को - अनुभव, ख़राब आँकड़ों, वैज्ञानिक रिपोर्टों और अन्य जानकारी के आधार पर - उसके द्वारा आयातित प्रत्येक खाद्य-पदार्थ के लिए ज्ञात या या समुचित रूप से पूर्वाभासी जोखिमों को पहचानने और उनका मूल्यांकन करने की आवश्यकता है। इनमें शामिल हैं:
    - परजीवियों और रोग-कारक जीवाणुओं सहित, जैविक जोखिम
    - रेडियोलॉजिकल जोखिमों, कीटनाशक और औषधि अवशेषों, प्राकृतिक विषैले तत्वों, खाद्य-पदार्थ अपघटन, अस्वीकृत खाद्य-पदार्थ या रंग योजकों, और एलर्जी पैदा करने वाला खाद्य-पदार्थों, सहित रासायनिक जोखिम
    - भौतिक जोखिम, जैसे कि काँच

- वे ऐसे जोखिम हो सकते हैं जो समुचित रूप से ऐसी बीमारी या चोट का कारण बन सकते हैं जो प्राकृतिक रूप से होती हैं, अनजाने में आरंभ किए जाते हैं, या आर्थिक लाभ के प्रयोजनों के लिए जानबूझ कर आरंभ किए जाते हैं, जैसे कि कम लागत का अवयव प्रतिस्थापन।
- विश्लेषण में इस संभावना का कि ये जोखिम नियंत्रणों के अभाव में होंगे और बीमारी या चोट की प्रचंडता, जो हो सकती है, का मूल्यांकन अवश्य करना चाहिए
- मूल्यांकन में उन कारकों पर विचार करना होगा, जिसमें शामिल है:
    - खाद्य-पदार्थ का सूत्रीकरण
    - किसी विशेष सत्त्व, जो खाद्य-पदार्थ तैयार करता है, के प्रतिष्ठान की स्थिति, प्रकार्य और डिज़ाइन और उपकरण
    - कच्चा माल और अन्य अवयव
    - परिवहन प्रथाएँ
    - फसल कटाई, बढ़ोतरी, विनिर्माण, प्रसंस्करण और पैकेजिंग कार्यपद्धतियाँ
    - पैकेजिंग और लेबलिंग गतिविधियाँ
    - भंडारण और वितरण
    - अभीष्ट या समुचित रूप से पूर्वाभासी उपयोग
    - कर्मचारी की साफ़-सफ़ाई सहित, सफ़ाई व्यवस्था
- जब तक आयातक प्रासंगिक प्रलेखन की समीक्षा और मूल्यांकन करता है, तब तक आयातक जोखिम का विश्लेषण करने के लिए किसी अन्य सत्त्व पर भरोसा कर सकता है।

## 3. खाद्य-पदार्थ के जोखिम और आपूर्तिकर्ता के प्रदर्शन का मूल्यांकन

- **आयातित खाद्य-पदार्थ के कारण पैदा हुए जोखिम और किसी आपूर्तिकर्ता के प्रदर्शन का क्या मूल्यांकन अवश्य किया जाना चाहिए?** एक आयातक को निम्नलिखित का मूल्यांकन अवश्य करना चाहिए:
    - जोखिम विश्लेषण

- उस सत्त्व का जो जोखिम को महत्वपूर्ण ढंग से न्यूनतम कर रहा होगा या उसकी रोकथाम कर रहा होगा, जैसे कि विदेशी आपूर्तिकर्ता या आपूर्तिकर्ता का कच्चा माल या अवयव आपूर्तिकर्ता
    - खाद्य-पदार्थ की सुरक्षा से संबंधित विदेशी आपूर्तिकर्ता की कार्यपद्धतियाँ, प्रोसेस और प्रथाएँ,
    - लागू FDA खाद्य-पदार्थ सुरक्षा विनियम, और विदेशी आपूर्तिकर्ता की अनुपालन संबंधी जानकारी
    - अतीत की समस्याओं को सुधारने में विदेशी आपूर्तिकर्ता की प्रतिक्रियाशीलता सहित विदेशी आपूर्तिकर्ता का खाद्य-पदार्थ सुरक्षा इतिहास
    - भंडारण और परिवहन प्रथाओं सहित, जैसा आवश्यक हो, अन्य कारक

- जब तक आयातक प्रासंगिक प्रलेखन की समीक्षा और उसका आँकलन करता है, तब तक आयातक जोखिम का मूल्यांकन करने के लिए किसी अन्य सत्त्व (विदेशी आपूर्तिकर्ता के अलावा) पर भरोसा कर सकता है।

## 4. आपूर्तिकर्ता का सत्यापन

- **कौन सी आपूर्तिकर्ता सत्यापन गतिविधियाँ अवश्य की जानी चाहिए?** किए गए जोखिम के मूल्यांकन के आधार पर, आयातक को, यह सुनिश्चित करने के लिए कि यह केवल अनुमोदित विदेशी आपूर्तिकर्ताओं से आयात करता है, अधिकतर मामलों में, लिखित कार्यपद्धतियाँ अवश्य स्थापित करनी और उनका पालन करना चाहिए और उचित आपूर्तिकर्ता सत्यापन कार्यकलाप अवश्य करने चाहिए।

- अनूठे खाद्य-पदार्थ जोखिमों और आपूर्तिकर्ता अभिलक्षणों के प्रति आपूर्तिकर्ता सत्यापन कार्यकलापों को अनुकूल बनाने के लिए आयातकों के पास लचीलापन है। विकल्पों में शामिल हैं:

    - आपूर्तिकर्ता की सुविधा का वार्षिक ऑन-साइट ऑडिट। इसकी आम तौर पर तब आवश्यकता पड़ती है, जब इस बात की उचित संभावना हो कि विदेशी आपूर्तिकर्ता द्वारा नियंत्रित जोखिम के संपर्क में आने के परिणामस्वरूप स्वास्थ्य पर बहुत गंभीर प्रभाव पड़ेंगे या मनुष्यों या पशुओं की मृत्यु होगी (इसे SAHCODHA जोखिम कहा जाता है)। हालाँकि आयातक सत्यापन के अन्य तरीके चुन सकता है, बशर्ते कि आयातक लिखित रूप में

प्रमाणित करता है कि वैकल्पिक चयन पर्याप्त है और उचित आश्वासन देता है कि विदेशी आपूर्तिकर्ता लागू अमरीकी सुपक्षा मानकों के अनुसार खाद्य-पदार्थ तैयार कर रहा है।

  - नमूना लेना और परीक्षण करना
  - आपूर्तिकर्ता के प्रासंगिक आहार सुरक्षा अभिलेखों की समीक्षा

- जब तक आयातक प्रासंगिक प्रलेखन की समीक्षा और उसका आँकलन करता है, तब तक आयातक उचित आपूर्तिकर्ता सत्यापन कार्यकलापों को निर्धारित और प्रदर्शित करने के लिए किसी अन्य सत्त्व (विदेशी आपूर्तिकर्ता के अलावा) पर भरोसा कर सकता है।

## 5. सुधारात्मक कार्रवाईयाँ

- **यदि कुछ ग़लत हो जाए, तो क्या होता है?** आयातकों को पर्याप्त सुधारात्मक कार्रवाईयाँ तुरंत अवश्य करनी चाहिए यदि वे निर्धारित करते हैं कि किसी विदेशी आपूर्तिकर्ता ने ऐसे प्रक्रियाओं तथा कार्यपद्धतियों का उपयोग नहीं किया है, जो उसी स्तर की  सार्वजनिक स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करता है जैसी कि उपज सुरक्षा और निवारक नियंत्रण विनियमों, जैसे लागू हो, के अधीन अपेक्षित हैं या यह कि आपूर्तिकर्ता ऐसा खाद्य-पदार्थ उत्पादित करता है जो मिलावटी है या उसने एलर्जी पैदा करने वाले तत्वों की लेबलिंग के संदर्भ में गलत-ब्रांड किया है।

  - उचित सुधारात्मक उपाय परिस्थितियों पर निर्भर करेगा, परंतु इसमें विदेशी आपूर्तिकर्ता का उपयोग उस समय तक बंद करना शामिल हो सकता है, जब तक कि गैर-अनुपालन, मिलावट या गलत-ब्रांडिंग के कारण को पर्याप्त रूप से संबोधित नहीं किया गया हो।

## 6. छूट और संशोधित मानक

- आहार संबंधी अनुपूरक अपेक्षाएँ, क्या आयात एक परिष्कृत उत्पाद है अथवा एक अवयव/घटक है सहित, अनेक कारकों के अनुसार अलग-अलग होती हैं।

  - ऐसे आयातकों को, जो प्रथक, पूर्व-विद्यमान खाद्य-पदार्थ संबंधी अनुपूरक के वर्तमान अच्छी विनिर्माण प्रथाओं (CGMP) विनियमों के अधीन अपेक्षित कुछ विनिर्देशों (खाद्य-पदार्थ संबंधी अनुपूरक घटकों और पैकेजिंग से संबंधित) को स्थापित करते हैं और उनका अनुपालन सत्यापित करते हैं, अधिकतर मानक FSVP अपेक्षाओं का अनुपालन करने की आवश्यकता नहीं होगी।

- o यही बात उन आयातकों पर लागू होगी, जिनके ग्राहक को ऐसे विनिर्देशों को स्थापित करने और यह सत्यापित करने की आवश्यकता है कि उन्हें पूरा किया जाता है, सिवाय इसके कि आयातक को लिखित आश्वासन लेना होगा कि उसका ग्राहक उन अपेक्षाओं का अनुपालन कर रहा है।
- o परिष्कृत उत्पादों सहित, खाद्य-पदार्थ संबंधी अन्य अनुपूरकों के आयातकों को अधिकतर मानक FSVP अपेक्षाओं के अनुपालन की आवश्यकता होगी (जोखिम विश्लेषण आवश्यकता को छोड़कर), परंतु उनके सत्यापन कार्यकलाप खाद्य-पदार्थ संबंधी अनुपूरकों के CGMP विनियमों के अनुपालन पर केंद्रित होंगे।

- संशोधित FSVP अपेक्षाएँ बहुत छोटे आयातकों और कुछ छोटे आपूर्तिकर्ताओं से खाद्य-पदार्थ के आयातकों के लिए स्थापित की जाती हैं। (इन संशोधित अपेक्षाओं का एक उदाहरण यह है कि कुछ आयातकों को जोखिम विश्लेषण नहीं करने पड़ेंगे और वे अपने आपूर्तिकर्ता से लिखित आश्वासन प्राप्त करके अपने विदेशी आपूर्तिकर्ताओं का सत्यापन करने में सक्षम होंगे।)
  - o बहुत छोटे आयातक की परिभाषा निवारक नियंत्रण नियमों में दी गई बहुत छोटे कारोबार के सुसंगत है: मानव खाद्य-पदार्थ हेतु $10 लाख और पशु से तैयार आहार हेतु $25 लाख की विक्रय सीमा।
  - o कुछ छोटे विदेशी आपूर्तिकर्ताओं के आयातक संशोधित FSVP अपेक्षाओं के अध्यधीन हैं। वे छोटे आपूर्तिकर्ता हैं:

    - निवारक नियंत्रण नियमों के अधीन संशोधित अपेक्षाओं के अधीन सुविधाएँ क्योंकि वे अर्हताप्राप्त सुविधाएँ हैं

    - ▪ ऐसे फार्म जो उपज सुरक्षा नियम के अधीन आवृत फार्म नहीं हैं क्योंकि वार्षिक उपज विक्रय में उनका औसत $25,000 या कम है अथवा क्योंकि वे किसी अर्हताप्राप्त छूट के लिए अपेक्षाओं को पूरा करते हैं।
    - ▪ अंडा देने वाली मुर्गियों के 3,000 से कम अंडों (शेल एग) के उत्पादक
    - ▪ इस प्रकार के उत्पादकों में से प्रत्येक या तो मूलभूत FDA खाद्य-पदार्थ सुरक्षा विनियमों से छूट प्राप्त है या, इन फर्मों के आकार की वजह से, अधिकतर, और कुछ मामलों में पूर्णतः, संशोधित अपेक्षाओं के अध्यधीन है।

- ये किसी ऐसे देश में विदेशी आपूर्तिकर्ता से कुछ खाद्य-पदार्थों के लिए संशोधित अपेक्षाएँ हैं जिनकी खाद्य-पदार्थ सुरक्षा प्रणाली को अमरीका की प्रणाली के तुलनीय मान्यता दी गई है या समकक्ष होना निर्धारित किया गया है।

- इसके अतिरिक्त, आयातित खाद्य-पदार्थ की कुछ श्रेणियाँ FSVP द्वारा आवृत नहीं हैं। इनमें शामिल हैं:
    - जूस, मछली और मछली से बने उत्पाद उन उत्पादों के लिए FDA के जोखिम विश्लेषण और महत्वपूर्ण नियंत्रण बिंदू (HACCP) विनियमों के अध्यधीन और अनुपालन में, और HACCP संबंधी विनियमों के अध्यधीन जूस और मछली और मछली से बने उत्पादों में उपयोग के लिए कुछ अवयव।
    - अनुसंधान या मूल्यांकन के लिए खाद्य-पदार्थ
    - निजी उपभोग के लिए खाद्य-पदार्थ
    - अल्कोहल-युक्त पेय और अल्कोहल-युक्त पेय में उपयोग किए जाने वाले कुछ अवयव
    - ऐसा खाद्य-पदार्थ, जिसे प्रसंस्कृत करने और भविष्य में निर्यात करने के लिए आयात किया जाता है
    - डिब्बाबंद सब्ज़ियों जैसे कम-अम्ल वाले डिब्बाबंद खाद्य-पदार्थ (LACF), परंतु केवल अन्य विनियमों द्वारा आवृत माइक्रोबायलॉजिकल जोखिमों के संबंध में, और साथ ही LACF उत्पादों में उपयोग किए जाने वाले कुछ अवयव (परंतु केवल माइक्रोबायलॉजिकल जोखिमों के संबंध में)।
    - आयात करने के समय अमरीकी कृषि विभाग द्वारा विनियमित मांस, पोल्टरी, अंडों के कुछ उत्पाद

## अनुपालन तिथियाँ

वह तिथि, जब तक कि आयातकों को FSVP का अनुपालन अवश्य करना चाहिए, निम्नलिखित तिथियों की अंतिम तिथि है:

- अंतिम नियम के प्रकाशन के 18 माह बाद;

- ऐसे आपूर्तिकर्ता से खाद्य-पदार्थ आयात करने के लिए जो निवारक नियंत्रणों या उपज सुरक्षा नियमों के अध्यधीन हैं, विदेशी आपूर्तिकर्ता द्वारा प्रासंगिक विनियमों को पूरा किया जाना अपेक्षित होने के छः माह बाद;
- ऐसे आयातक के लिए जो निवारक नियंत्रण विनियमों में दिए गए आपूर्ति-श्रृंखला कार्यक्रम प्रावधानों के अध्यधीन स्वयं एक निर्माता या प्रोसेसर है, वह तिथि जिस तक इसे उन प्रावधानों का अनुपालन करना है। निवारक नियंत्रण नियमों में अनुपालन तिथियों की एक रेंज, आपूर्ति-श्रृंखला कार्यक्रम प्रावधानों के लिए, जो प्राप्तकर्ता सुविधा के आकार के आधार पर अलग-अलग है, और इस बात के लिए कि कब प्राप्तकर्ता सुविधा के आपूर्तिकर्ता को नए FSMA विनियमों का अनुपालन करने की आवश्यकता है, स्थापित की गई थी।

## उद्योग को सहायता

FDA ऐसे विषयों पर कई मार्गदर्शन प्रलेख विकसित कर रहा है, जिनमें शामिल हैं:

- FSVP पर सामान्य मार्गदर्शन
- एक अर्हताप्राप्त ऑडिटर बनने के लिए आवश्यक विशेषज्ञता कैसे प्राप्त करें

प्रशिक्षण और तकनीकी सहायता के लिए योजनाएँ प्रगति पर हैं। इनमें शामिल हैं:

- निर्यातकों, जिनमें विकासशील देशों से भी शामिल हैं, द्वारा अनुपालन सुगम बनाने के लिए आवश्यक साधन और प्रशिक्षण कार्यक्रम विकसित करने हेतु खाद्य-पदार्थ उद्योग, शैक्षणिक संस्थानों, USDA, अंतर्राष्ट्रीय विकास हेतु अमरीकी एजेंसी और विदेशी सरकारों के साथ सहयोग करना।
- उद्योक को समझने और FSMA के कार्यान्वयन हेतु सहायता के लिए जानकारी का केन्द्रीय स्रोत उपलब्ध कराने के लिए FDA FSMA खाद्य-पदार्थ सुरक्षा तकनीकी सहायता संजाल स्थापित करना, जो कि इस समय क्रियाशील है।
- प्रशिक्षण और तकनीकी सहायता कार्यक्रम स्थापित करने के लिए खाद्य-पदार्थ सुरक्षा निवारक नियंत्रण गठजोड (FSPCA) के साथ सहयोग करना।

- FSPCA के प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में खाद्य-पदार्थ आयात करने वाले प्रोसेसरों के लिए FSVP नियम पर एक माड्यूल, और गैर-प्रोसेसर आयातकों के लिए एक पूरा FSVP पाठ्यक्रम शामिल है।

**अधिक जानकारी**

Regulations.gov, डॉकेट नंबर 2011-N-0143: http://www.regulations.gov/#!home
अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न:
http://www.fda.gov/Food/GuidanceRegulation/FSMA/ucm247559.htm#Third-Party_Accreditation
FDA का FSMA तकनीकी सहायता संजाल:
http://www.fda.gov/Food/GuidanceRegulation/FSMA/ucm459719.htm